Regarding construction of Sidhi - Singrauli Section of NH No. 39-Laid

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): NH-39 हमारे संसदीय क्षेत्र के सीधी व सिंगरौली के बीच के भाग को फोर लेन बनाने का टेण्डर वर्ष 2011-12 में हुआ था, किन्तु दुर्भाग्यपूर्ण है कि लगभग 11 वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद यह कार्य पूर्ण नहीं हो सका है । आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटनाएं होती हैं, जिससे कई जानें भी जा चुकी हैं और निरतंर यह सिलसिला जारी है । मैं माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी से जानना चाहती हूँ कि NH-39 के सिंगरौली से सीधी के बीच के मार्ग को बनने में अभी और कितना समय लगेगा । नये संविदाकार ने अभी तक कितना कार्य किया है और अभी कितना कार्य किया जाना शेष है? साथ ही माननीय सड़क परिवहन मंत्री महोदय से आग्रह है कि इस NH1-39 मार्ग के शीघ्र निर्माण हेतु विशेष मानीटरिंग टीम बनाकर कार्य कराये, जो प्रतिमाह निर्माण कार्य का लक्ष्य बनाये और निगरानी करते हुये इस मार्ग का निर्माण समय पर पूर्ण कराये ।